an>

Title : Need to complete embankment work (fourth stage) on river Bagmati in Muzaffarpur Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): अध्यक्ष महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर से गुजरने वाली बागमती नदी के तटबंध का चौथे चरण का निर्माण वर्ष 2012 में ही पूरा होना था, लेकिन वह आज तक पूरा नहीं हुआ है, जिसका खामियाज़ा बागमती नदी में आने वाली बाढ़ की विभिषिका वर्षों से झेल रहे गायघाट के पूर्वी भाग में रह रहे एक बड़ी आबादी को भुगतना पड़ रहा है ।

महोदय, उच्च न्यायालय पटना में बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा सीडब्ल्यूजे-13555/2017 के आश्वासन के बावजूद भी बांध का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है । इस कारण गायघाट प्रखंड तेहवारा, शिवदाहा, बरूआरी समेत दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा, उत्तरी-दक्षिणी एवं रामपुर पंचायत के लाखों लोग विस्थापित हो रहे हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट प्रखंड एवं दरभंगा जिले के लाखों लोगों को बागमती नदी की बाढ़ की विभिषिका से निजात दिलाने हेतु बागमती नदी के बायें तटबंध के चतुर्थ चरण का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने हेतु बिहार सरकार को निदेर्शित करें ।